## सार-समाचार

### घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना क्षेत्र के कोलखंडा गांव में निर्माणाधीन मकान की छत से नीचे गिरने से घायल मजदूर की मौत हो गई। घायल मजदूर के खाना पीना छूटने के बाद तबीयत ज्यादा बिगड गई और दम तोड दिया। घटना के बाद शव को डूंगरपुर अस्पताल के मॉर्चुरी में रखवाया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। दोवडा थाना पुलिस के अनुसार हडमतिया निवासी प्रवीण की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इसमें बताया कि उसका भाई प्रकाश पुत्र अमृतलाल परमार मजदूरी का काम करता था। 16 अक्टूबर को कोलखंडा गांव में एक निर्माणाधीन मकान के कॉलम भरने के काम के लिए गया था। छत पर काम करते समय वह अचानक नीचे गिरा। जिससे उसके कमर और पसलियों में जोरदार चोट आई। उसे गंभीर हालत में डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। चिकित्सकों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। चार दिन बाद प्रकाश की हालत में सुधार होने पर परिजन उसे घर लेकर चले गए। दो दिन पहले प्रकाश की तबीयत फिर से बिगडने लगी। उसके खाना पीना बंद हो गया। जिस पर भाई और परिजन उसे वापस डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने आईसीयू में भर्ती कर दिया। आज सुबह प्रकाश की मौत हो गई। डॉक्टर की ओर से मृत घोषित करने पर शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। घटना की जानकारी दोवडा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### योगी बने पंचायत समिति गौ प्रधान

**देवगढ़, (निसं)।** देवगढ़ पंचायत समिति के परम् गौभक्त निर्भय नाथ योगी जोगेला को जगद्गुरु शंकराचार्य जी स्वामी अविमुक्ततेस्वरानंद जी महाराजश्री की ओर से सभी सनातन धर्म के धर्मध्वजरक्षक,जगद गुरुओ के शुभ आशीष से योगी निर्भयनाथ को प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जांगिड़ के निर्देशानुसार से राजसमंद जिले के गौमाता राष्ट्रमाता गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के शेर सिंह लसानी गौ विधायक भीम देवगढ़ विधानसभा की अनुशंसा पर गौ प्रधान देवगढ़ पंचायत समिति पद पर नियुक्त किया है। योगी ने कहा कि प्रदेश प्रभारी ओर गौ विधायक शेर सिंह का बहुत बहुत आभार की मुजे प्रधान पद के लायक समझा और उक्त पद का दायित्व दिया में हमेशा गौमाता के प्रति तन मन से कार्य करता हूं और आगे भी निरंतर जारी रहेगा आपके द्वारा प्रदान सम्मान से मेरी ऊर्जा और भी प्रबल होगी जिसे में गौमाता के लिए देवगढ़ पंचायत समिति तक ही सीमित ना रखकर हर क्षेत्र में गौमाता के संरक्षण का कार्य करूँगा। इस पर प्रदेश प्रभारी ओर गौ विधायक की ओर से भी योगी को बधाई शुभकामनायें दी गयी। परम् गौभक्त गौ प्रधान निर्भयनाथ योगी देवगढ़ भीम से गौभक्तों की टीम गौमाता राष्ट्रमाता घोषणा में मजबूत भूमिका निभाएगें ओर राजसमंद में गौमाता की सेवा ओर रक्षा के नए आयाम जल्द स्थापित होंगे।

### बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आगाज

**देवगढ़, (निसं)।** सीनियर जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ रविवार को महाराणा प्रताप बास्केटबॉल स्टेडियम में रोचक मुकाबले के साथ हुआ। इस दौरान भूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी रहे चंद्रप्रकाश त्रिवेदी, सीनियर खिलाड़ी भगवत सिह, सचिव दीनदयाल त्रिवेदी, जयनारायण पालीवाल विज्जु भारती के सानिध्य में सीनियर प्रतियोगिता प्रारम्भ हुई।प्रतियोगिता में हुए मैच में मोर्निंग क्लब ओर मेवाड़ क्लब के बीच हुआ जिसमें मेवाड़ क्लब 95-66 से विजय रहा, मोर्निंग क्लब के महेन्द्र काका ने सर्वाधिक 18 अंक बनाये, इसी प्रकार गीतांजली क्लब ओर चैलेंजर क्लब के हुए मैच में गीतांजली क्लब 32-29 से विजेता रहा। मेवाड़ क्लब ओर लसानी के बीच हुआ जिसमें 59-23 से मेवाड़ क्लब विजेता रहा। प्रतियोगिता में सीनियर टीम ओर चारभुजा कल्ब के बीच मैच हुआ जिसमें सीनियर क्लब 6 अंकों से हार का सामना करना पड़ा, मैच रेफरी में गौतम वैष्णव, चन्द्रवीर सिह, प्रदीप सिंह, मनोज त्रिवेदी, मधुसूदन जोशी, हेमसिंह सिसोदिया ओर जूनियर सीनियर खिलाड़ियों के सानिध्य में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज हुआ।

### करंट से युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर के सिंधी कॉलोनी में शनिवार रात 9 बजे कंरट लगने से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। रविवार सुबह जिला अस्पताल में मोर्चरी में कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचे तथा मृतक युवक के मामा रवी कुमार ने पुलिस को रिपोर्ट देकर बताया कि उसका भाणेज वंश पुत्र जगदीश नेभनानी उम्र 19 वर्ष सिंधी कॉलोनी शनिवार रात 9 बजे घर के बाहर करंट लगने से वह बेहोश हो गया। जिस पर युवक को निजी वाहन से आस पास के लोग ओर समाज के युवा जिला अस्पताल लाए जहा चिकित्सकीय जांच के बाद युवक को मृत घोषित घोषित कर दिया तथा शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोर्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। मृतक युवक गुजरात में निजी कॉलेज में अध्ययरत है और कल ही दीपावली पर्व मनाने को लेकर अपने घर आया था।

### नौ चौकी पाल पर झील पूजन आज

**राजसमंद, (निसं)।** 28 अक्टूबर की शाम 6 बजे से 8 बजे तक राजसमंद झील स्थित नौ चौकी पाल पर भव्य झील पूजन और महाआरती का आयोजन होगा। नौ चौकी पाल को 21000 दीपकों से सजाया जाएगा, साथ ही परिसर में लाइटिंग करवाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान भजन, संगीत सहित कई गतिविधियां होंगी। झील पर भव्य संगीतमय आरती और भव्य आतिशबाजी का आयोजन होगा। नगर परिषद द्वारा सभी तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया गया है। जिला कलेक्टर ने आमजन से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है। रविवार देर शाम जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, एक्सईएन तरुण बाहेती ने लगभग दो घंटे तक झील पर मौजूद रह कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। जिला कलक्टर ने बताया कि शाम 6 बजते ही यह कार्यक्रम शुरू होगा।

# सरस डेयरी दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली पुलिस ने शहर के नया बस स्टैंड निकट सरस डेयरी की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी सहित तीन बाल अपचारियों को डिटेन किया है।

थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि पीडित हाउसिंग बोर्ड निवासी विपुल श्रीमाल ने रिपोर्ट देकर बताया कि नया बस स्टैंड से सब्जी मंडी जाने वाले सडक मार्ग पर पार्थ मिल्क कोर्नस सरस डेयरी की दुकान 2० अक्टूबर की देर रात्री को बदमाशों के द्वारा दुकान के ताले तोडकर चोरी की वारादत को अंजाम देने की कोशिश की गई। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैदा हो गई। सीसीटीवी में रात करीब साढे

■ **तीन बाल अपचारियों को डिटेन किया**

12 बजे दो बदमाशा दुकान के ताले तोड कर दुकान में चोरी का प्रयास करते हुए नजर की रिपोर्ट पेश की। पुलिस नें रिपोर्ट के आधार पर मामले दर्ज कर सीसीटीवी फूटेज के आधार पर घटना में शामिल एक आरोपी पगारा निवासी नितेश उर्फ उदयलाल उर्फ करण पुत्र मोहन अहारी मीणा को गिरफ्तार किया।तीन अन्य बाल अपचारियों डिटने किया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितेश उर्फ उदयलाल उर्फ करण अहारी ने शहर में 14 जगह पर अपने नाबालिक साथियों के साथ चोरी की वारदात अंजाम देने स्वीकार किया है। आरोपी अपने नाबालिक साथियों के साथ मौज शौक पुरा करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।



पुलिस ने सरस डेयरी की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया।

# हरिओम पंचाल तीसरी बार जिलाध्यक्ष निर्वाचित

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ लोकतान्त्रिक जिला शाखा डूंगरपुर द्वारा आयोजित अधिवेशन के दूसरे दिन वाडेल राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सागवाडा में समापन कार्यक्रम तथा नवीन जिला कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री सुभाषचन्द्र भट्ट, अध्यक्षता प्रदेश संयुक्त मंत्री विश्राम कटारा, विशिष्ठ अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु उपाध्याय, मनोज पंड्या, शिवजी पाटीदार, बलदेव सोमपुरा, जिलाध्यक्ष हरिओम पंचाल, गंगा कोटेड रहे। अतिथियों का स्वागत भाषण विकास मेहता ने किया। जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष चन्द्र भट्ट, पर्यवेक्षक हिमांशु उपाध्याय के निर्देशन में सर्वसम्मति से निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। जिला संरक्षक मनोज पंड्या, नंदलाल लबाना,बलदेव सोमपुरा, अमृत परमार ,सभाध्यक्ष शिवजी पाटीदार उप सभाध्यक्ष अजमल डामोर, अध्यक्ष हरिओम पंचाल, जिला मंत्री प्रवीण रावल कोषाध्यक्ष विनोद गर्ग कार्यकारी अध्यक्ष हीरालाल गमेती जिला महिला मंत्री गंगा कोटेड महिला संगठन मंत्री सुनीता अंगारी उपाध्यक्ष वाडीलाल लबाना, नारायण कलासुआ, नवनीत पंड्या, राजीव जोशी, गोतम रोत, प्रकाश परमार संगठन मंत्री दीपक कलाल संयुक्त मंत्री मदन ठाकर,सलाहकार निखिल जैन, विकास मेहता, अशोक मेहता प्रवक्ता नीरज पुरोहित, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि उप प्रधानाचार्य प्रतिनिधि भारती पंड्या,व्याख्याता प्रतिनिधि राहुल बलाई, द्वितीय श्रेणी प्रतिनिधि राजेंद्र पंड्या, तृतीय श्रेणी प्रतिनिधी नारायण लाल उपाध्याय, संस्कृत शिक्षा प्रतिनिधि शैलेश भट्ट पुस्तकालय प्रतिनिधि हीना भट्ट शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि जगदीश ननोमा, प्रबोधक प्रतिनिधि भानुकमल चौबीसा, पैरा टीचर्स शिक्षा कर्मी प्रतिनिधि दयाभट्ट को मनोनीत किया गया है।

इस दौरान समापन कार्यक्रम में राजेंद्र पांड्या प्रवीण रावल,अशोक मेहता, प्रकाश ठाकर, विनोद गर्ग, अनिता पंड्या, चंदा गर्ग, दीपक कलाल, नारायण कलासुआ, पंकज चौबीसा, दीपेन्द्र जैन, धनेश्वर बुनकर, चंद्र लेखा जैन, जय सिंह डामोर, कई शिक्षक उपस्थित रहे। मंच संचालन मन मोहन चौबीसा ने किया। आभार अमर सिंह राव ने व्यक्त किया।

## सांगा माची में विराजे द्वारकाधीश

**राजसमंद, (निसं)।**जिला मुख्यालय स्थित श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ के श्री द्वारिकाधीश मंदिर में दिवाली उत्सव की धूम आरंभ हो गई है। इसी क्रम में रविवार को दिवाली की बधाई बैठी। रविवार से प्रतिदिन कीर्तन कारों द्वारा दिवाली पदों का गायन आरंभ हो गया। वहीं मंदिर में दिवाली उत्सव के मनोरथ का सिलसिला भी प्रारंभ हुआ। शनिवार को श्रृंगार में तृतीय पीठाधीश्वर गोस्वामी डॉ वागीश कुमार महाराज ने श्री प्रभु को श्री मस्तक पर श्याम जरी का चीरा जिस पर काम की चंद्रिका, श्याम जरी का चाकदार वागा, वैसी सूथन, पीला कटी का पटका, हीरा के आभरण, पीले रेशमी ठाडे वस्त्र व चार कर्ण फूल धराए गए। इसके बाद राजभोग की झांकी के दर्शन हुए। वहीं शयन के दर्शनों में प्रभु द्वारकाधीश को सांगा माची में विराजित किया और प्रभु के समक्ष आकर्षक सजावट की गई। सजावट में गोप-ग्वाले, गाय व विभिन्न तरह के साजो सामान सजाए गए।

## बजट आवंटित

**डूंगरपुर, (निसं)।** इस बार दीपावली पर्व पर धनतेरस, रूप चौदस, दीपावली, खेखरा, भाई दूज के इन 5 दिवसों में देवस्थान विभाग के अधीनस्थ आत्म निर्भर ओर प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के मंदिरों पर विशेष आयोजन होंगे। जिसके लिए राज्य सरकार की ओर से बजट आवंटन कर दिया गया है।

इस अवसर पर देवस्थान विभाग ऋषभदेव की सहायक आयुक्त दीपिका मेघवाल ने बताया कि इस बार राज्य सरकार की ओर से दीपावली पर्व के आयोजन को लेकर अलग से बजट आवंटन किया गया है। जिसके तहत उदयपुर जिले के ऋषभदेव जी मंदिर सहित डूंगरपुर जिले के कुल 31 तथा बांसवाडा जिले के कुल 63 विभागीय मंदिरों पर विद्युत साज सज्जा, फूल बंगला, रंगोली के साथ मिट्टी के दिए जलाए जाएंगे। साथ ही अन्नकूट प्रसादी का भी आयोजन होगा।

# पीएनजी सेवा का शुभारंभ

**राजसमंद, (निसं)।** शहर के उपनगर धोईन्दा में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड द्वारा पीएनजी सेवा का शुभारंभ विधायक दीप्ति माहेश्वरीके मुख्य अतिथ्य एवं नगर परिषद सभापति अशोक टांक की अध्यक्षता में किया गया।

इस असवर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि इस नई सुविधा के माध्यम से अब महिलाओं को रसोई गैस सिलेंडर की परेशानी से मुक्ति मिलेगी, जिससे उनके जीवन में सहजता और सुरक्षा बढेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार महिलाओं के जीवन को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। घर-घर पाइप से रसोई गैस की आपूर्ति न केवल सुविधाजनक है, बल्कि अधिक सुरक्षित भी है। यह व्यवस्था महिलाओं के लिए घर के कामकाज को आसान बनाती है और समय की बचत भी करती है। उन्होंने कहा कि भजपा की प्राथमिकता में महिलाओं का सशक्तिकरण और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए सुविधाओं का विस्तार शामिल है। पाइपलाइन के माध्यम से गैस वितरण की यह पहल महिलाओं को घरेलू कार्यों में सहूलियत प्रदान करने के साथ-साथ उनके सुरक्षा स्तर को भी बढाएगी। विधायक ने कहा कि यह पहल महिलाओं के जीवन को सुगम बनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इससे घरेलू ऊर्जा की उपलब्धता में निरंतरता और सुविधा होगी, जो महिलाओं के जीवन में वास्तविक बदलाव लाएगी। इस दौरान पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, पार्षद मांगीलाल टांक, चंपालाल कुमावत, दीपिका कुमावत, प्रहलाद सिंह, एक्सईएन तरुण बाहेती, दिनेश टांक, धर्मेश टांक इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की ओर से प्रोजेक्ट हेड राजस्थान मनोज कुमार सिंह और प्रोजेक्ट हेड राजसमंद विशाल जांगिड उपस्थित थे।पीएनजी गैस अन्य ईंधनों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत तक सस्ती है। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है बल्कि 24 घंटे उपलब्ध रहने वाली सुविधाजनक सेवा भी प्रदान करती है। पीएनजी गैस का घनत्व हवा से कम होने के कारण लीकेज होने की स्थिति में यह हवा में उड जाती है जिससे यह बेहद सुरक्षित है।

आप मात्र 275 रुपये (नॉनरिफंडेबल एडमिन चार्जेस) देकर चेक, डीडी या ऑनलाइन माध्यम से पीएजी कनेक्शन ले सकते हैं। इसमें 7000 रुपये का सिक्योरिटी अमाउंट शामिल है जो आपके मासिक बिल में 500 रुपये की किस्तों में जुडेगा।

## सार-समाचार

### दिव्यांग सहायता शिविर संपन्न

**डूंगरपुर, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर द्वारा अक्टूबर माह का दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर 26 एवं 27 अक्टूबर को महावीर इन्टरनेशनल डूंगरपुर के रोगनिदान केंद्र पर आज संपन्न हुआ। शिविर का जिला विधिक सहायता प्राधिकरण के सचिव एडीजे कुलदीप सूत्रकार एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अशोक शर्मा द्वारा भी अवलोकन किया। दोनों अधिकारियों ने उपस्थित दिव्यांगों एवं उनके परिजनों से दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन एवं सरकार की अन्य सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं से लाभान्वित होने के संबंध जानकारी ली एवं उन्हें उचित परामर्श दिया। बाद में दोनों अतिथियों के हाथों शिविर में आए दो दिव्यांगो को केलीपर, एक दिव्यांग को बैसाखी, चार दिव्यांग को जयपुर फूट निःशुल्क प्रदान की गई। पांच दिव्यांगों को पूर्व में दिए गए कैलीपर्स एवं जयपुर फुट की आवश्यक मरमत की गई। इस तरह से शिविर में कुल बारह दिव्यांगो को निःशुल्क सहायता सुविधा उपलब्ध कराई गई। अतिथियों द्वारा संस्था द्वारा हर माह आयोजित किए जा रहे दिव्यांग सहायता शिविर के कार्यत्र्कम की प्रशंसा करते हुए इसे जनजाति क्षेत्र का अमूल्य वरदान बताया। संस्था के अध्यक्ष विजय जैन द्वारा सभी दिव्यांगो को परामर्श दिया की वे अपने साथ मेडिकल प्रमाण पत्र की प्रति एक फोटो, आधार कार्ड ,जाति प्रमाणपत्र प्रति लेकर अवश्य आवे ताकि उन्हें संस्था द्वारा निरूशुल्क सामान उपलब्ध कराने मे कठिनाई नहीं होवे। वर्तमान में महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति उदयपुर के सहयोग से पैरों के कलिपर्सए बैसाखी, जयपुर फूट के साथ ही कृत्रिम हाथ को बनाने का कार्य भी निःशुल्क प्रारम्भ कर दिया गया है। दो दिवसीय शिविर में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के तकनीकी विशेषज्ञ सीताराम एवं दुर्गालाल द्वारा अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में संस्था के अध्यक्ष वीर विजय जैन के अतिरिक्त गवर्निंग काउंसिल सदस्य विनोद दोषी, जोन अध्यक्ष पृथ्वीराज जैन, संस्था के उपाध्यक्ष रवि जैन, कोषाध्यक्ष अशोक दोशी, सह सचिव वीर अविचल कोटडिया, राजेश डेंडू, अभिषेक कोटडिया, नीरव कोटडिया, केसू नागदा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सामूहिक विवाह की तैयारियां जोरों पर

**राजसमंद, (निसं)।** 17 नवंबर को कुंवारियां मेला ग्राउंड पर होने वाले खटीक समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी बैठक आयोजित हुई। जिसमें खटीक समाज जिला, सामूहिक विवाह कार्यकारणी एवं समस्त पंच की ओर से रविवार को भाणा में समाजजन को तन, मन और धन से सहयोग और सामूहिक विवाह में आने का निमंत्रण दिया गया। बैठक में समाज के रमेश चंदेल ने आगामी 17 नवंबर को सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कुंवारियां मेला ग्राउंड पर होने की जानकारी दी। ईश्वर पहाडिया ने इस सम्मेलन में सबको तन, मन और धन से सहयोग करने का आव्हान किया। समाज के शंकरलाल ने कहा कि इस विवाह सम्मेलन का उद्देश्य एकता और आपसी भाईचारा को बढाने, कम लागत में शादियां करवाना है। प्रकाश खटीक ने समाज की प्रतिभा सम्मान समारोह में क्रमशः दसवीं और बाहरवी में 8० प्रतिशत, राजकीय सेवा में नियुक्ति, राज्य ओर राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभागिता करने वालों आदि को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान भाणा के हीरालाल, रामलाल, भेरूलाल सहित समाजजन उपस्थित थे।

### महिला सिलाई प्रशिक्षण सम्पन्न

**भीम, (निसं)।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नाथद्वारा द्वारा आयोजित 30 दिवसीय महिला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम जो की भीम ब्लॉक के सांगवास गांव में सम्पन्न हुआ। शिविर में 35 ग्रामीण महिलाओं ने 30 दिन तक निःशुल्क रूप से सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें संपूर्ण सिलाई किट ड्रेस और 10 प्रकार के विविध परिधानों की सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया इस कार्यक्रम से आसपास के ग्रामीण को स्वरोजगार का प्रशिक्षण और आगामी समय में स्वरोजगार को स्थापित करने में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा लोन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए जा सकती है कार्यक्रम के संचालक महेश आसोपा है तथा प्रशिक्षणदात्री नैना पांड्या है।आरसेटी निदेशक दीपक गहलोत एवं राजीविका की मंजू भाट द्वारा समय-समय पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु कौशल विकास की कार्यशाला, डिजिटल बैंकिंग , वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन भी किया जाता है जिससे महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर एवं सतर्क बन रही है।

### समस्याओं पर चर्चा की

**राजसमंद, (निसं)।** भारतीय मजदूर संघ जिले के सानिध्य में जलदाय विभाग में ठेके पर काम कर रहे कर्मचारियों की बैठक भामसं जिलाध्यक्ष जितेंद्र पालीवाल की अध्यक्षता में फरारा महादेव प्रांगण पर आयोजित की गई। बैठक में जलदाय कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जलदाय विभाग के कर्मचारियों को होने वाली समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। भामसं राजस्थान के संयुक्त महामंत्री विजयसिंह वाघेला ने कहा कि भामसं पहले देश हित, फिर उद्योग हित, फिर श्रमिक हित को ध्यान में रखते हुए काम करता है और अपनी इसी कार्य प्रणाली के कारण पूरे विश्व में मजदूरों का सबसे बडा संगठन बना हुआ है। इस दौरान भामसं के संभाग संगठन मंत्री रमेशसिंह चौहान, जिला मंत्री जयसिंह राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महारैली 31 अक्टूबर को

**डूंगरपुर, (निसं)।** पटेल पाटीदार डांगी समाज की 31 अक्टूबर सरदार पटेल जयंती पर राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना द्वारा महारैली होगी। रविवार को महारैली की पत्रिका सामाजिक परंपरा के अनुसार घर पर दी। पत्रिका गांव ठाकरडा, बीजावाडा, टामटीया, रणौली, पाडला गोकलिया, भचडिया व डेचा में शाम तक निमंत्रण दिया।

# ‘संस्कारवान व राष्ट्रभक्त पीढ़ी के निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका’

**डूंगरपुर, (निसं)।** वागड सेवा संस्थान डूंगरपुर द्वारा संचालित वागड विद्या विहार उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोज में अभिभावक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष संस्थान संरक्षक धनेश्वर पण्डया मुख्य अतिथि डॉ कान्तिलाल पाटीदार एवं विशिष्ट अतिथि संस्थान अध्यक्ष मनसुखलाल पाटीदार, प्रभू पण्डया, प्रकाशचन्द्र भट्ट, बहादुर पाटीदार, प्रेमनाथ पाटीदार, सुरेश फलोजिया, धर्मेन्द्र पाटीदार, मनोहरलाल पाटीदार, महेन्द्र पाटीदार,

■ **अभिभावक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित**


वागड विद्या विहार उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोज में अभिभावक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में नृत्य करती बालिकाएं।

निलेश उपाध्याय, धीरज जोशी, पूँजीलाल पाटीदार, जीवराज रोत, विद्यासागर रोत, गोपालकृष्ण कटारा, भूपेन्द्र जैन, प्रेमशंकर पाटीदार, गौतमलाल कलासुआ और प्रधानाचार्य राजेश जोशी थे। प्रधानाचार्य राजेश जोशी ने बताया कि कार्यत्र्कम की शुरूआत माँ शारदे की पूजा अर्चना से हुई। अतिथि स्वागत के बाद विद्यालय प्रशासक नीलेश उपाध्याय की धर्मपत्नी नंदा उपाध्याय के असामयिक स्वर्गवास होने से संस्थानए अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा श्रधांजलि अर्पित कर पूण्य आत्मा के मोक्ष एव परिवार जन को इस दुःखद घडी में सम्बल प्रदान हेतु प्रार्थना की गई। साथ ही बताया कि बोर्ड कक्षा दसवीं व बारहवीं में 9० प्रतिशत से अधिक प्रतिशत बनाने वाले 45 प्रतिभावान भैया-बहिनों का एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया। अतिथियों ने बताया कि विद्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में श्रेष्ठ व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही हैं। वर्तमान समय में अच्छी शिक्षा के साथ संस्कारित शिक्षा की आवश्यकता है, संस्कारवान व राष्ट्रभक्त पीढी के निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका जो कि स्थानीय विद्यालय द्वारा जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं शिक्षाविद् कान्तिलाल पाटीदार ने अभिभावकों से आव्हान किया कि बालक की प्रथम गुरू मां होती हैं। बालक अपने परिवार से संस्कारों को ग्रहण करता हैं। अतः हमारी नैतिक जिम्मेदारी हैं कि अभिभावक स्वयं आचार-विचार, आचरण आदि से ऐसा व्यवहार करे कि बालक स्वयं हमारा अनुसरण करे। विद्यार्थी जीवन में अच्छे.बूरे का ज्ञान नहीं होता हैं, इस परिस्थिति में अभिभावक एवं शिक्षको को बालक की अच्छाईयों को निखारते हुये उसे प्रोत्साहन तथा कमियों पर मार्गदर्शन प्रदान करना चाहिए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यत्र्कम प्रस्तुत किये गये। कार्यत्र्कम का संचालन सुरेश सरगम ने किया एवं आभार प्रकट संस्थान अध्यक्ष मनसुखलाल पाटीदार ने किया। इस अवसर पर कुन्दन जोशी, हरिश डिण्डोर, दिनेश प्रजापत, नरेन्द्र पाटीदार, महेन्द्र कलासुआ, विवेकपुरी गोस्वामी, नमन कलाल, चिराग उपाध्याय, धर्मेन्द्र पाटीदार, जनकपुरी गोस्वामी, कल्पना यादव, प्रियंका परमार, ज्योत्सना चौबीसा, अनिता त्रिवेदी, संगीता पाटीदार, रविना पाटीदार समस्त स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## बैठक सम्पन्न

**राजसमंद, (निसं)।** जे.के टायर कर्मचारी संघ (भामसं.) की ओर से जे.के टायर मैन गेट पर सभा का आयोजन अध्यक्ष हिम्मत सिंह सोलंकी व महामंत्री मोतीलाल कुमावत के सानिध्य में किया गया। कम्पनी के मैन गेट पर आयोजित बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष सोहनसिंह सैनी ने सम्बोधित किया। मीडिया प्रभारी हेमन्त गुर्जर ने बताया कि गेट पर हुई आम सभा में सभी कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर समान रूप से मिठाई व बोनस 20 प्रतिशत देने पर सहमति व्यक्त की गई। दीपावली से पूर्व सभी कर्मचारियों को बोनस का भुगतान कर दिया जाएगा व ठेकेदारी श्रमिकों को भी इस वर्ष कम्पनी द्वारा 1 किलो मिठाई समान रूप से देने पर सहमति बनी जो दीपावली पूर्व वितरण कर दी जाएगी। जो साथी लम्बे समय से बाहर थे उनके ड्युटी पर चढाया गया एवं 16,800 रुपये बोनस व 2 किग्रा. मिठाई व 1 किग्रा. मिठाई समान प्रकार की ठेकेदारी लेबर को वितरित की जाएगी। बैठक में बदली श्रमिकों को स्थाई करने की वार्ता भी की गई। नवम्बर माह से उसकी प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाएगी। इस दौरान जेके टायर कर्मचारी संघ के मथुरालाल कुमावत, रत्नेशसिंह, किशनसिंह राव, अश्विन देराश्री, शंकरसिंह नाथावत, हेमन्त गुर्जर, जगदीश शर्मा, अम्बालाल पालीवाल, गोपालराम शर्मा, मनोहर गुर्जर, प्रहलाद स्वामी, विरेन्द्र मिश्रा, सुरेन्द्र चौधरी, नरोत्तम जोशी, नानुराम, राजेन्द्र राठौड, शंकर कुमावत, चूनसिंह, अम्बालाल कुमावत, देवराज चारण, भंवरसिंह चुण्डावत, श्यामलाल कुमावत, रामसिंह, त्रिलोक कुमावत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# बच्चों ने एक हजार पेंटिंग बना लगाई प्रदर्शनी


उदयपुर में बच्चों ने एक हजार पेंटिंग बनाकर उसकी प्रदर्शनी लगाई।

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी के बच्चों ने उदयपुर में एक अनूठी चित्रों की प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने खुद के द्वारा बनाई गई 1000 हैरतअंगेज पेंटिंग्स सजाई। इस कलाकारों को देख शहरवासी अभिभूत हो गए। शहर के सौ फीट रोड़ स्थित मंगलश कलश गार्डन में लगाई गई इस चित्र प्रदर्शनी की संयोजक कनहब आर्ट स्टूडियो की किंजल ने बताया कि पिछले कई सालों से बच्चों को आधुनिक तकनीक से तैयार पेंटिंग बनाना सीखा रही है। इसका मकसद बालपन में ही बच्चों में रंगों और जीवन की उमंगों के प्रति आकर्षण पैदा करना है। एक प्रदर्शनी में कक्षा एक से लगाकर 12 वीं तक के बच्चे द्वारा तैयारी की गई पेंटिंग शामिल है जो उन्होंने स्कूल से समय निकालकर बनाया है। किंजल ने बताया कि बच्चों ने रोजाना 2 घंटे की कक्षा में नियमित सीखकर विभिन्न कलाकृतियों को बनाया है। इनमें जैसे बच्चा भगवान की तरफ आकर्षित होता है तो उन्होंने राधाकृष्ण, श्रीनाथजी, बालाजी और अन्य देवी-देवताओं की पेंटिंग बनाई है। इसके अलावा भी एमडी कटआउट, सेल्फ पोट्रेट, फेवरेट कार्टून आदि बनाए है। इस प्रदर्शनी का मकसद बच्चों में उत्साह बनाए रखना और कला के प्रति और उनको जागरूक करना। प्रदर्शनी बच्चों के माता-पिता के अलावा शहरवासियों को भाव-विभोर कर रही हैं। साथ ही पेंटिंग में बच्चों ने अपनी कला के विभिन्न रंगों को उकेरा है जहां प्रकृति की सुंदरता, मनुष्य की सोच, आध्यात्म, सामाजिक समस्याओं आदि विषयों पर कलाकारी बनाई है। बच्चे लाइन ड्रॉइंग से लेकर कलरिंग का बारिक काम और रेजिन आर्ट, लेकवर्ड वर्क, ऑइल पेंटिंग, चारकोल ड्रॉइंग, सेल्फ पोट्रेट, एमडी कटआउट आदि का प्रशिक्षण भी ले रहे हैं।